**SBI** भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

# भारतीय स्टेट बैंक में संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: CRPD/ SCO/2018-19/07**

## आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 22.11.2018 से 06.12.2018 तक

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से संविदा आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. **एक अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता/सकती है.**
2. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दी गई हो.
3. **आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं.**
4. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि), ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.**
5. योग्य अभ्यर्थियों की सूची बनाना और साक्षात्कार के लिए बुलाना प्रलेखों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगा. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी अभ्यर्थिता मानी जाएगी.
6. **यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि), तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.**
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जाने/योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी (हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी).
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ पाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
9. **इस कार्यालय** को आवेदन और अन्य प्रलेखों की हार्ड प्रतियां **न भेजें.**
10. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**

**क. पद के विवरण (संविदात्मक)/विभाग/रिक्त-पद/आयु/चयन प्रक्रिया:**

| पद क्रमांक | पद | विभाग | रिक्त-पद | | | | | | | | आयु (अंतिम तिथि)@ | | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | एलडी[$] | एचआई[$] | वीआई[$] | न्यूनतम | अधिकतम | |
| 1 | उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 3 | - | - | - | 3* | 1 | - | - | 35 | 45 | शॉर्टलिस्टिंग एवं साक्षात्कार |
| 2 | उपाध्यक्ष (संरचना निर्माण एवं समूहन) | पीएफएसबीयू | 2 | - | - | - | 2 | 1 | - | - | 35 | 45 | |
| 3 | सहायक उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 5 | 1 | 1 | - | 7** | 1 | - | - | 30 | 40 | |
| 4 | प्रबंधक (क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 8 | 2 | 1 | - | 11*** | 1 | - | - | 25 | 35 | |
| 5 | प्रबंधक (संरचना निर्माण एवं समूहन) | पीएफएसबीयू | 3 | 1 | - | - | 4 | 1 | - | - | 25 | 35 | |
| 6 | उपाध्यक्ष (डिजिटल मार्केटिंग) | विपणन और संप्रेषण | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 30 | 40 | |
| 7 | उपाध्यक्ष (मीडिया रणनीति एवं परिचालन) | विपणन और संप्रेषण | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 30 | 40 | |
| 8 | वरिष्ठ प्रबंधक (मारकॉम) | विपणन और संप्रेषण | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 21 | 32 | |
| 9 | वरिष्ठ प्रबंधक (कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन्स) | विपणन और संप्रेषण | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 25 | 32 | |
| 10 | वरिष्ठ प्रबंधक (ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप्स) | विपणन और संप्रेषण | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 26 | 35 | |
| 11 | प्राध्यापक, एसबीआईएल, कोलकाता (कार्यकारी शिक्षा) | एसटीयू | 4 | 1 | - | - | 3 | 1 | - | - | 28 | 55 | शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार जिसके बाद दिए गए विषय पर डेमो सत्र |
| 12 | प्राध्यापक, एसबीआईसीबी, हैदराबाद (मार्केटिंग) | एसटीयू | | | - | - | 1 | | - | - | 28 | 55 | |
| 13 | प्राध्यापक, एसबीआईसीआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा (क्रेडिट / रिस्क मैनेजमेंट/इंटरनेशनल बैंकिंग) | एसटीयू | | | - | - | 1 | | - | - | 28 | 55 | |
| 14 | मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव एसबीआईएल कोलकाता | एसटीयू | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 30 | 50 | शॉर्टलिस्टिंग एवं साक्षात्कार |

***उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) - क्षेत्रवार पद (कुल 3) : सड़क-1, विद्युत-1, तेल और गैस-1.**

****सहायक उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) - क्षेत्रवार पद (कुल 7) : सड़क-2, विद्युत-2, तेल और गैस-2, लौह और इस्पात-1.**

*****प्रबंधक (क्षेत्र विशेषज्ञ) - क्षेत्रवार पद (कुल -11) : सड़क-3, विद्युत-3, तेल और गैस-2, धातु-1, लौह और इस्पात-1, कपड़ा-1.**

**@पीएफएसबीयू के सभी पदों के लिए अंतिम तिथि : 30/09/2018; विपणन और संचार के सभी पदों के लिए : 31/03/2018; एसटीयू के सभी पदों के लिए : 01/04/2018**

**# एलडी (ओएल) विभाग पीएफएसबीयू के अंतर्गत सभी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं. वीआई और एचआई श्रेणी के उम्मीदवार इन पदों के लिए उपयुक्त नहीं होंगे, क्योंकि इसके लिए यात्रा, बातचीत और विभिन्न स्तरों पर प्रस्तुति देने की आवश्यकता होगी.**

**# पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार विपणन एवं संचार विभाग के अंतर्गत सभी पदों के लिए आवेदन करने के लिए उपयुक्त नहीं है.**

**# एलडी (ओए) संकाय एसबीआईएल कोलकाता/एसबीआईसीबी हैदराबाद/एसबीआईसीआरएम गुरुग्राम के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. वीआई और एचआई श्रेणी के उम्मीदवार इन पदों के लिए उपयुक्त नहीं होंगे.**

**# पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव एसबीआईएल कोलकाता के पद के लिए आवेदन करने के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि एक्ज़ेक्यूटिव को विपणन उद्देश्य के लिए व्यापक यात्रा करनी होगी.**

**संक्षिप्ताक्षर:**

**श्रेणी:** अजा - अनुसूचित जाति, अजजा - अनुसूचित जनजाति, अपिव - अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूडी - दिव्यांग व्यक्ति, एलडी - चलने-फिरने में असमर्थता, ओएल - एक पैर प्रभावित, ओए - एक भुजा प्रभावित, एचआई - श्रवण बाधित, वीआई - दृष्टि बाधित

**नोट:**

1. ऐसे अभ्यर्थी जो ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु छूट के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (पीडब्ल्यूडी), के रूप में दर्शाना चाहिए.
2. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
3. बैंक के पास किसी भी समय इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
4. अजा/ओबीसी अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा.
5. ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण माँगने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा जमा करवानी होगी कि वह 31.03.2018 को क्रीमी लेयर से नहीं है. 'नॉन क्रीमी लेयर' अनुच्छेद वाला ओबीसी प्रमाण-पत्र जो 01.04.2018 से साक्षात्कार की तिथि के दौरान जारी किया गया हो, को ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा जमा करना चाहिए, यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है.
6. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी के लिए आरक्षण समस्तर है और सम्पूर्ण रिक्त-पदों (की संख्या) के अंदर है.
7. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
8. वीआई और एचआई श्रेणी के अभ्यर्थी इन पदों के लिए उपयुक्त नहीं होंगे, क्योंकि इसके लिए यात्रा, बातचीत और विभिन्न स्तरों पर प्रस्तुति देने की आवश्यकता होती है.
9. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.
10. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से शामिल होना चाहिए कि उम्मीदवार के पास उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव है.
11. यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र नहीं निर्दिष्ट करते हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

**ख. शैक्षणिक योग्यता / अनुभव के विवरण / तैनाती का संभावित स्थान:**

| पद क्रमांक | पद | विभाग | शैक्षणिक योग्यता (अंतिम तिथि)@ | योग्यता पश्चात अनुभव (अंतिम तिथि)@ | तैनाती का संभावित स्थान$ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उपाध्यक्ष<br>(क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 1. बी.ई./बी.टेक एवं<br>2. एमबीए (वित्त)/सीए/सीएफए<br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (60% या समकक्ष श्रेणी) | न्यूनतम 10 वर्ष<br><br>संबंधित क्षेत्र या कंपनियों, जैसे वित्तीय संस्थानों / बैंकों में अनुभव | **मुंबई** |
| 2. | उपाध्यक्ष<br>(संरचना निर्माण एवं समूहन) | पीएफएसबीयू | 1. बी.ई./बी.टेक एवं<br>2. एमबीए (वित्त)/सीए/सीएफए<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (60% या समकक्ष श्रेणी) | बैंकों और वित्तीय संस्थानों में न्यूनतम 10 वर्ष<br><br>अभ्यर्थी को संरचना निर्माण में विभिन्न ऋण पहलुओं, जैसे डोमेस्टिक / फोरेक्स बॉण्ड / ईसीबी / ईसीए आदि को स्वतंत्र रूप से संभालने की स्थिति में होना चाहिए. | **मुंबई** |
| 3. | सहायक उपाध्यक्ष<br>(क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 1. बी.ई./बी.टेक एवं<br>2. एमबीए (वित्त)/सीए/सीएफए<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (60% या समकक्ष श्रेणी) | न्यूनतम 8 वर्ष<br><br>संबंधित क्षेत्र या कंपनियों, जैसे वित्तीय संस्थानों / बैंकों में अनुभव | **मुंबई** |
| 4. | प्रबंधक<br>(क्षेत्र विशेषज्ञ) | पीएफएसबीयू | 1. बी.ई./बी.टेक एवं<br>2. एमबीए (वित्त)/सीए/सीएफए<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (60% या समकक्ष श्रेणी) | न्यूनतम 5 वर्ष<br><br>संबंधित क्षेत्र या कंपनियों, जैसे वित्तीय संस्थानों / बैंकों में अनुभव | **मुंबई** |
| 5. | प्रबंधक<br>(संरचना निर्माण एवं समूहन) | पीएफएसबीयू | 1. बी.ई./बी.टेक एवं<br>2. एमबीए (वित्त)/सीए/सीएफए<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (60% या समकक्ष श्रेणी) | बैंकों और वित्तीय संस्थानों में न्यूनतम 5 वर्ष<br><br>अभ्यर्थी को संरचना निर्माण में विभिन्न ऋण पहलुओं, जैसे डोमेस्टिक / फोरेक्स बॉण्ड / ईसीबी / ईसीए आदि को स्वतंत्र रूप से संभालने की स्थिति में होना चाहिए. | **मुंबई** |
| 6. | उपाध्यक्ष<br>(डिजिटल मार्केटिंग) | विपणन एवं संप्रेषण | कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक / बीसीए / एमसीए / स्नातकोत्तर / एमबीए, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से<br><br>निष्पादन विपणन में कोई प्रमाणन लाभदायक होगा. | 1. डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न भूमिकाओं में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव.<br>सेवा उद्योग या एफएमसीजी उद्योग में अनुभव को वरीयता दी जाएगी.<br>2. डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्मों के उपयोग से उत्पाद विपणन में मूल अनुभव, जिसके साथ सर्च और डिस्प्ले, एसईओ, एसईएम एवं प्रोग्रामेटिक में विशिष्ट अनुभव हो,<br>इन्फ्लूएन्सर मार्केटिंग, ईमेल, एस एम एस और एसएमएम जानकारी को वरीयता दी जाएगी.<br>3. अभियान निष्पादन को इष्टतम बनाने हेतु डिजिटल मार्केटिंग के प्रभाव को मापने के उपकरण और उसे उपयोग में लाने की अच्छी जानकारी समकालीन डीएम तकनीकों की व्यापक समझ.<br>4. हिसाब लगाने के लिए अच्छी कुशाग्रता के साथ अत्यधिक डेटा उन्मुख.<br>5. परिणाम उन्मुख एवं उत्साही व उद्योगी दृष्टिकोण. अत्यधिक डिजिटल उन्मुख मानसिकता, जिसके साथ डिजिटल मार्केटिंग बुद्धिमत्ता एवं दक्षता पर सचेत बने रहने की निरंतर तीव्र इच्छा हो. | **मुंबई** |
| 7. | उपाध्यक्ष<br>(मीडिया रणनीति एवं परिचालन) | विपणन एवं संप्रेषण | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सांख्यिकी में स्नातकोत्तर या एमबीए (मार्केटिंग)<br><br>डिजिटल मार्केटिंग में कोई प्रमाणन लाभदायक होगा. | 1. मीडिया रणनीति, मीडिया नियोजन और खरीददारी, मारकॉम, मार्केट रिसर्च, नए और इंटरेक्टिव सहित, में विभिन्न भूमिकाओं में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव.<br>सेवा उद्योग या एफएमसीजी में अनुभव को वरीयता दी जाएगी.<br>2. प्रिंट, रेडियो टेलीविजन, आउट ऑफ होम मार्केटिंग में मूल अनुभव.<br>3. अभियान निष्पादन को इष्टतम बनाने हेतु मीडिया प्रक्रिया और ईकोसिस्टम, मीडिया मैट्रिक्स और ऍनालिटिक्स, मीडिया मीज़रमेंट टूल्स और इसके उपयोग की अच्छी जानकारी.<br>4. हिसाब लगाने के लिए अच्छी कुशाग्रता के साथ अत्यधिक डेटा उन्मुख<br>5. परिणाम उन्मुख एवं उत्साही व उद्योगी दृष्टिकोण. | **मुंबई** |
| 8. | वरिष्ठ प्रबंधक<br>(मारकॉम) | विपणन एवं संप्रेषण | किसी भी विषय में स्नातक.<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. | किसी उद्योग में मार्केटिंग और कम्युनिकेशन/समकक्ष क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव. | **मुंबई** |
| 9. | वरिष्ठ प्रबंधक<br>(कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन्स) | विपणन एवं संप्रेषण | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातकोत्तर / एमबीए<br>अंग्रेजी साहित्य में स्नातक होना अतिरिक्त लाभदायक होगा. पीआर / कॉर्प कॉम्स / जर्नलिज़्म में शैक्षणिक योग्यता अतिरिक्त लाभदायक होगी. | 1. समकक्ष भूमिका में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव. संबंधित पीआर एजेन्सी का अनुभव रखने वाले विशिष्ट अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जाएगा.<br>बीएफएसआई में अनुभव को वरीयता दी जाएगी.<br>2. कम से कम 10 वृहत प्रारूप वाली कहानियाँ लिखी व प्रबंधित होनी चाहिए.<br><br>आवश्यक विशेष कौशल (वैकल्पिक):<br>1. पीआर कहानियाँ और आलेख तैयार करने की क्षमता के साथ रचनात्मक मानसिकता. अंग्रेजी और विशेष रूप से किसी अन्य भाषा में मीडिया आलेख लिखने की उत्कृष्ट क्षमता.<br>2. मीडियॉवालों के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन तौर पर सौहार्दपूर्ण संबध बनाए रखने के सभी परिचालनगत पहलुओं की जानकारी.<br>3. सभी स्तरों पर पत्रकारों और बैंक अधिकारियों के साथ समानरूप से बातचीत करने की उत्कृष्ट अंतर वैयक्तिक क्षमता.<br>4. अपने स्वयं के बल पर सोचने और ऐसी समस्याग्रस्त स्थिति, जिसके लिए त्वरित एवं सुचारू समाधान आवश्यक हों, का पूर्वाभास लगाने की क्षमता के साथ स्मार्ट कर्मचारी.<br>5. काम की माँग होने पर, विशेष रूप से संकटकालीन स्थितियों में लंबे समय तक और सप्ताहांत में भी कार्य करने की क्षमता. | **मुंबई** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10. | वरिष्ठ प्रबंधक (ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप्स) | विपणन एवं संप्रेषण | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातक.<br><br>ईवेन्ट मैनेजमेंट में कोई विशेष योग्यता को वरीयता दी जायेगी. | 1. ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्य अनुभव. ग्राहक की ओर को वरीयता. संबंधित ईवेन्ट एजेन्सी वाले विशेष अभ्यर्थियों को भी आवेदन के लिए प्रेरित किया जाता है. बीएफएसआई / टेक्नोलॉजी / कंपनियों या शीर्ष ईवेन्ट एजेंसियों में समकक्ष भूमिका में अनुभव.<br>2. कम से कम तीन बडे स्वरूप वाले ईवेन्ट्स का प्रबंधन किया हो. विभिन्न भौगोलिक प्रदेश (भारत में) कार्यान्वियन के अनुभव को वरीयता दी जाएगी.<br>आवश्यक विशिष्ट कौशल (वैकल्पिक) :<br>1. रचनात्मक मानसिकता, जिसके साथ स्पॉन्सरशिप और ईवेन्ट कार्यानवयन के लिए अभिनव अवसरों के परिकल्पना / पहचान / मूल्यांकन की क्षमता हो, विशेष रूप से किसी नए उत्पाद की शुरुआत, बैंक के वार्षिक दिवस आदि के अवसरों पर.<br>2. ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप से संबंधित सभी परिचालन पहलुओं, विभिन्न संबंधित तत्वों के प्रचलित मूल्यों का ज्ञान और बातचीत करने की क्षमता.<br>3. आर ओ आई परिप्रेक्ष्य मे ईवेन्ट्स स्पॉन्सरशिप को परखने की क्षमता.<br>4. सभी स्तरों के अधिकारियों के साथ सन्तुलित रूप से बातचीत करने की उत्कृष्ट अंतर–वैयक्तिक क्षमता.<br>5. अपने स्वयं के बल पर सोचने और ऐसी समस्याग्रस्त स्थिति, जिसके लिए त्वरित एवं सुचारू समाधान आवश्यक हों, का पूर्वाभास लगाने की क्षमता के साथ स्मार्ट कर्मचारी.<br>6. अंग्रेजी और हिन्दी बोलने में दक्षता.<br>7. काम की माँग होने पर, देर तक और सप्ताहांत में भी कार्य करने की क्षमता. | **मुंबई** |
| | 11. | प्राध्यापक, एसबीआईएल, कोलकाता (कार्यपालक शिक्षा) | एसटीयू | एचआर, संगठनात्मक व्यवहार, रणनीति में पीएच.डी<br><br>पीएचडी के साथ एक्जेक्युटिव एजुकेशन डोमेन में शिक्षण का अनुभव रखने वाले एमबीए अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी.<br><br>वरीयता योग्यता :<br>अतिरिक्त संबंधित योग्यता एवं उनके संबंधित कार्यक्षेत्रों में प्रमाणन रखने वाले अभ्यर्थी | आईआईएम, एक्सएलआरआई, एएससीआई, आईएसबी, आईआईबीएफ, एनआईबीएम जैसे संस्थानों एवं दिल्ली विश्वविद्यालय, मद्रास विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, जेएनयू आदि जैसे प्रमुख विश्वविद्यालयों में शिक्षण का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.<br><br>प्रशिक्षण / प्रतिष्ठित कार्यपालक शैक्षिक संस्थानों में सिद्ध अनुभव हो.<br><br>आवश्यक विशिष्ट कौशल :<br>विशिष्ट शिक्षण क्षमताओं एवं सशक्त संवाद कौशल के साथ सक्रिय. | **एसबीआईएल, कोलकाता** |
| | 12. | प्राध्यापक, एसबीआईसीबी, हैदराबाद (मार्केटिंग) | एसटीयू | शीर्ष भारतीय / अंतरराष्ट्रीय 'बी' स्कूल से मार्केटिंग / प्रोडक्ट डेवलपमेंट में एमबीए या मार्केटिंग और संबंधित क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा.<br><br>शीर्ष भारतीय विश्वविद्यालय या शीर्ष भारतीय / अंतरराष्ट्रीय 'बी' स्कूल से पीएच.डी. के साथ पढ़ाने की अनुभव वाले को ही वरीयता दी जाएगी,<br><br>बिज़नेस स्कूलों या कहीं और प्राध्यापक के रूप में मार्केटिंग में शिक्षण का अनुभव होने पर वरीयता दी जाएगी.<br><br>संबंधित कार्यक्षेत्रों में अतिरिक्त संबंधित शैक्षणिक योग्यताएँ और प्रमाणन होने पर वरीयता दी जाएगी.<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत : 55% या समकक्ष श्रेणी. | आईआईएम, एक्सएलआरआई, एएससीआई, आईएसबी, आईआईबीएफ, एनआईबीएम जैसे संस्थानों एवं दिल्ली विश्वविद्यालय, मद्रास विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, जेएनयू आदि जैसे प्रमुख विश्वविद्यालयों में शिक्षण का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.<br><br>प्रशिक्षण एवं उद्योग, दोनों में अनुभव प्राप्त हो.<br><br>आवश्यक विशिष्ट कौशल :<br>विशेष शिक्षण क्षमताओं एवं सशक्त संवाद कौशल के साथ सक्रिय. | **एसबीआईसीबी, हैदराबाद** |
| | 13. | प्राध्यापक, एसबीआईसीआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा (क्रेडिट / रिस्क मैनेजमेंट / इंटरनेशनल बैंकिंग) | एसटीयू | 1. शीर्ष भारतीय / अंतरराष्ट्रीय बिज़नेस स्कूलों से बैंकिंग और फ़ाइनेंस में स्नातकोत्तर.<br>या<br>2. कॉर्पोरेट क्रेडिट / रिस्क मैनेजमेंट / इंटरनेशनल बैंकिंग इन बैंक्स में शीर्ष भारतीय / अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों / बिज़्नेज़ स्कुल से पीएच.डी.<br><br>अभ्यर्थियों के पास निम्नांकित योग्यताएँ होना अनिवार्य हैं :<br>रिस्क मैनेजमेंट के लिए : सीएफए / एफआरएम / पीआरएम<br>क्रेडिट के लिए : बैंकों / वित्तीय संस्थानों में प्रोजेक्ट फाइनेंस और अत्यंत उच्च मूल्य वाले ऋणों को संभालने में अनुभव.<br>अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग के लिए : बैंकों / वित्तीय संस्थानों में उच्च मूल्य वाले आईबी बिज़नेस को संभालने में अनुभव.<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत : 55%<br><br>संबंधित कार्यक्षेत्रों में अतिरिक्त प्रासंगिक योग्यताएँ और प्रमाणन होने पर वरीयता दी जाएगी. | 1) प्रतिष्ठित संस्थान में आवश्यक कार्यक्षेत्र में शिक्षक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव<br>2) उन्हें वरीयता दी जाएगी, जिन्होंने फाइनेंशियल मार्केट्स, रिस्क मैनेजमेंट्स, फाइनेंशियल एनालिसिस, मैकरो इकानामिक प्रोबलम, कॉरपोरेट फाइनेंस, इंटरनेशनल बैंकिंग आदि से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं.<br><br>आवश्यक विशिष्ट कौशल :<br>विशेष शिक्षण क्षमताओं एवं सशक्त संवाद कौशल के साथ सक्रिय. | **एसबीआईसीआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा** |
| | 14. | मार्केटिंग एक्ज़ेक्युटिव एसबीआईएल कोलकाता | एसटीयू | एमबीए या प्रतिष्ठित भारतीय / अंतरराष्ट्रीय 'बी' स्कूलों से स्नातक के पश्चात प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा.<br><br>उन्हें वरीयता दी जाएगी, जिनके पास एक्ज़ेक्युटिव एजुकेशन प्रोग्रामों की मार्केटिंग में अनुभव के साथ मार्केटिंग के विषय में एमबीए / पीजीडीएम है.<br><br>अंकों का न्यूनतम प्रतिशत : 55%<br><br>वरीयता उन्हें दी जाएगी, जिनके पास मार्केटिंग विषय में अतिरिक्त पात्रता / प्रमाणन है. | मार्केटिंग में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव जिसके साथ बाहरी व्यक्तियों को प्रशिक्षण एवं शिक्षण प्रदान करने वाले किन्हीं प्रतिष्ठित संस्थानों, जैसे क्रिसिल, केयर, बीडब्ल्यूआर, एसएमईआरए, आईएसबी, आईआईबीएफ आदि में एक्ज़ेक्युटिव एजुकेशन प्रोग्रामों की मार्केटिंग में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव हो.<br><br>आवश्यक विशेष कौशल :<br>सेवाओं के विपणन में विशेष क्षमता के साथ अग्रसक्रिय एवं सशक्त संवाद कौशल | **कोलकाता (यात्रा के लिए तैयार होना चाहिए)** |

$ तैनाती का स्थान मात्र संकेतात्मक है. चयनित अभ्यर्थी को भारत में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है.

@ पीएफएसबीयू के सभी पदों के लिए अंतिम तिथि: 30.09.2018; मार्के. और कम्यूनिकेशन विभाग के सभी पदों के लिए : 31.03.2018; एसटीयू के सभी पदों के लिए : 01.04.2018

संक्षिप्त अक्षर : एसबीआईएल : स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप; एसबीआईसीबी : स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ कंज़्यूमर बैंकिंग;
एसबीआईसीआरएम : स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ क्रेडिट एंड रिस्क मैनेजमेंट.

ग. जॉब प्रोफाइल और केआरए:

| पद क्रमांक | पद | संक्षेप में जॉब प्रोफाइल और केआरए |
|---|---|---|
| 1. | उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | **उत्तरदायी**<br>• अपने संबंधित क्षेत्र में कॉर्पोरेट वित्त / निवेश बैंकिंग में जोखिम अंकन और संरचना के लिए.<br>**उत्तरदायित्व और कार्य :**<br>• परियोजनाओं की वित्तीय मॉडलिंग, धारणाओं का आकलन, लागत तुलना, संवेदनशीलता परीक्षण, जोखिम विश्लेषण इत्यादि.<br>• लेनदेन दस्तावेज – आईएम, वित्तीय मॉडल और निश्चित समझौते की तैयारी.<br>• सक्रिय रूप से रणनीतिक पुनर्वित्त विकल्पों का सुझाव देने के लिए कार्पोरेट्स की वित्तीय / परिचालन संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना.<br>• वर्तमान ऋणों के वितरण में सहायता के लिए रोकड़ प्रवाह विश्लेषण के साथ उचित संरचनाएं बनाना.<br>• वर्तमान / भविष्य के परिदृश्य में प्रचलित वर्तमान / नए क्षेत्रों की गहरी समझ रखना.<br>• समन्वय के लिए लेन–देन निष्पादन के दौरान प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, उधारदाताओं और वित्तीय प्रायोजकों के साथ कामकाजी संबंध बनाना.<br>• विपणन पहलों की सहायता करने के लिए विश्लेषण द्वारा उद्योगों का शोध और सामग्री का योगदान.<br>**केआरए**<br>• वित्तीय मॉडलिंग<br>• अग्रिमों का अनुवर्तन<br>• ग्राहक संबंध और रखरखाव |
| 2. | उपाध्यक्ष (संरचना निर्माण एवं समूहन) | **उत्तरदायी**<br>• ग्राहक के व्यवसाय, रोकड़ प्रवाह और पूंजी संरचना के आधार पर ग्राहक की वित्तीय आवश्यकताओं के लिए उचित ऋण संरचना का सुझाव देना.<br>**उत्तरदायित्व और कार्य :**<br>• मानक वित्तीय मॉडल का विकास और रखरखाव.<br>• लेनदेन दस्तावेज – आईएम, वित्तीय मॉडल और निश्चित समझौते की तैयारी.<br>• सक्रिय रूप से रणनीतिक पुनर्वित्त विकल्पों का सुझाव देने के लिए कार्पोरेट्स की वित्तीय / परिचालन संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना.<br>• वर्तमान ऋणों के वितरण में सहायता के लिए रोकड़ प्रवाह विश्लेषण के साथ उचित संरचनाएं बनाना.<br>• परिष्कृत ऋण संरचनाओं के निर्माण के लिए वैश्विक ब्याज दर और एफएक्स स्पॉट और डेरिवेटिव बाजारों पर दृष्टि रखना.<br>• समन्वय के लिए लेन–देन निष्पादन के दौरान प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, उधारदाताओं और वित्तीय प्रायोजकों के साथ कामकाजी संबंध बनाना.<br>• विपणन पहलों की सहायता करने के लिए विश्लेषण द्वारा उद्योगों का शोध और सामग्री का योगदान.<br>**केआरए**<br>• शुल्क संरचना<br>• डेरीवेटिव परिमाण<br>• अधिदेश संरचना के लिए टीएटी. |
| 3. | सहायक उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | **उत्तरदायी**<br>• कॉरपोरेट वित्त / निवेश बैंकिंग में समूहन / हामीदारी और संरचना.<br>**उत्तरदायित्व और कार्य :**<br>• परियोजना की वित्तीय मॉडलिंग आरंभ करना, विकसित करना और बनाए रखना.<br>• लेनदेन दस्तावेज – आईएम, वित्तीय मॉडल और निश्चित समझौते की तैयारी.<br>• सक्रिय रूप से रणनीतिक पुनर्वित्त विकल्पों का सुझाव देने के लिए कॉरपोरेट्स की वित्तीय/परिचालन संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना.<br>• धारणाओं, लागत तुलनाओं, संवेदनशीलता परीक्षण, जोखिम विश्लेषण का आकलन.<br>• ऋणों के प्रलेखन, पर्यवेक्षण और अनुवर्तन में सक्रिय भागीदारी.<br>• क्षेत्रकीय कागजातों की तैयारी और इसका गहन विश्लेषण.<br>• समन्वय के लिए लेन–देन निष्पादन के दौरान प्रमुख कॉरपोरेट समूहों, उधारदाताओं और वित्तीय प्रायोजकों के साथ कामकाजी संबंध बनाना.<br>• स्वीकृति की शर्तों के अनुरूप ऋण दस्तावेजों का निष्पादन, परियोजनाओं के पूरा होने / निष्पादन में प्रगति की निगरानी करने के लिए स्थल दौरा, प्रचलित वित्तीय / विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न आवश्यक रिपोर्टों का संकलन और विश्लेषण.<br>**केआरए**<br>• वित्तीय मॉडलिंग<br>• अग्रिमों का अनुवर्तन<br>• ग्राहक संबंध और रखरखाव |
| 4. | प्रबंधक (क्षेत्र विशेषज्ञ) | **उत्तरदायी**<br>• कॉरपोरेट वित्त / निवेश बैंकिंग में समूहन / हामीदारी और संरचना.<br>**उत्तरदायित्व और कार्य :**<br>• परियोजना की वित्तीय मॉडलिंग आरंभ करना, विकसित करना और बनाए रखना.<br>• लेनदेन दस्तावेज – आईएम, वित्तीय मॉडल और निश्चित समझौते की तैयारी.<br>• सक्रिय रूप से रणनीतिक पुनर्वित्त विकल्पों का सुझाव देने के लिए कॉरपोरेट्स की वित्तीय/परिचालन संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना.<br>• धारणाओं, लागत तुलनाओं, संवेदनशीलता परीक्षण, जोखिम विश्लेषण का आकलन.<br>• ऋणों के प्रलेखन, पर्यवेक्षण और अनुवर्तन में सक्रिय भागीदारी.<br>• क्षेत्रकीय कागजातों की तैयारी और इसका गहन विश्लेषण.<br>• समन्वय के लिए लेन–देन निष्पादन के दौरान प्रमुख कॉरपोरेट समूहों, उधारदाताओं और वित्तीय प्रायोजकों के साथ कामकाजी संबंध बनाना.<br>• स्वीकृति की शर्तों के अनुरूप ऋण दस्तावेजों का निष्पादन, परियोजनाओं के पूरा होने / निष्पादन में प्रगति की निगरानी करने के लिए स्थल दौरा, प्रचलित वित्तीय / विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न आवश्यक रिपोर्टों का संकलन और विश्लेषण.<br>**केआरए**<br>• वित्तीय मॉडलिंग<br>• अग्रिमों का अनुवर्तन<br>• ग्राहक संबंध और रखरखाव |
| 5. | प्रबंधक (संरचना निर्माण एवं समूहन) | **उत्तरदायी**<br>• ग्राहक के व्यवसाय, रोकड़ प्रवाह और पूंजी संरचना के आधार पर ग्राहक की वित्तीय आवश्यकताओं के लिए उचित ऋण संरचना का सुझाव देना.<br>**उत्तरदायित्व और कार्य :**<br>• मानक वित्तीय मॉडल का विकास और रखरखाव.<br>• लेनदेन दस्तावेज – आईएम, वित्तीय मॉडल और निश्चित समझौते की तैयारी.<br>• सक्रिय रूप से रणनीतिक पुनर्वित्त विकल्पों का सुझाव देने के लिए कार्पोरेट्स की वित्तीय / परिचालन संबंधी स्थिति का विश्लेषण करना.<br>• वर्तमान ऋणों के वितरण में सहायता के लिए रोकड़ प्रवाह विश्लेषण के साथ उचित संरचनाएं बनाना.<br>• परिष्कृत ऋण संरचनाओं के निर्माण के लिए वैश्विक ब्याज दर और एफएक्स स्पॉट और डेरिवेटिव बाजारों पर दृष्टि रखना.<br>• समन्वय के लिए लेन–देन निष्पादन के दौरान प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, उधारदाताओं और वित्तीय प्रायोजकों के साथ कामकाजी संबंध बनाना.<br>• विपणन पहलों की सहायता करने के लिए विश्लेषण द्वारा उद्योगों का शोध और सामग्री का योगदान.<br>**केआरए**<br>• शुल्क संरचना<br>• डेरीवेटिव परिमाण<br>• अधिदेश संरचना के लिए टीएटी. |
| 6. | उपाध्यक्ष (डिजिटल मार्केटिंग) | **जॉब प्रोफाइल और केआरए**<br>• ब्रांड एसबीआई का दर्शन समझना, ब्रांडिंग / जानकारी के साथ–साथ निष्पादन विपणन दोनों के लिए बैंक के विभिन्न उत्पादों / सेवाओं के लिए डिजिटल विपणन रणनीति का कार्यान्वयन और निष्पादन करना.<br>• डिजिटल विपणन के क्षेत्र में होने वाले विकासों पर बराबर नजर रखना.<br>• सही लक्षित ग्राहकों तक पहुँचने और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार लक्ष्यों को समझने और अभियान केपीआई सेट करने के लिए विभिन्न उत्पाद टीमों से विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय में कार्य करना.<br>• अभियान की सफलता को मापने और भविष्य के अभियानों में सुधार लाने के लिए सभी डीएम पहलों की केपीआई के परिप्रेक्ष्य में नज़र रखना.<br>• नियमित अंतराल पर रणनीतियों पर नजर और निगरानी करना और समय–समय पर पोजीशनिंग, मूल्य निर्धारण और प्रचार आदि में उचित संशोधन का प्रस्ताव करना.<br>• उत्पादों और वेबपृष्ठ अनुकूलन के लिए प्रतिक्रिया आदान–प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल होना. यह निश्चित करना कि बैंक के स्वामित्व वाली सभी वेबसाइटों और डिजिटल पोर्टलों पर सही अद्यतन जानकारी और बैनर मौजूद हैं.<br>• ज्ञान और विचारों का प्रभावी ढंग से आदान–प्रदान करते हुए एक क्रॉस–फंक्शनल, बहु–भौगोलिक टीम में कार्य करना, सीखने के साथ–साथ कुशल निष्पादन का सहयोगी कार्य वातावरण बनाने के लिए विभिन्न व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करना.<br>• सर्वश्रेष्ठ चैनल मिश्रण की पहचान और विकास करने के लिए एजेंसियों और कई विक्रेताओं के साथ मिलकर कार्य करना. |
| 7. | उपाध्यक्ष (मीडिया रणनीति एवं परिचालन) | **जॉब प्रोफाइल और केआरए**<br>• ब्रांड एसबीआई का दर्शन समझना, ब्रांडिंग / जानकारी के साथ–साथ निष्पादन विपणन दोनों के लिए बैंक के विभिन्न उत्पादों / सेवाओं के लिए विपणन और संचार अभियान का कार्यान्वयन और निष्पादन करना.<br>• डिजिटल विपणन के क्षेत्र में होने वाले विकासों पर बराबर नजर रखना.<br>• सही लक्षित ग्राहकों तक पहुँचने और व्यवसाय का विकास आगे बढ़ाने के लिए व्यापार लक्ष्यों को समझने और अभियान केपीआई सेट करने के लिए विभिन्न उत्पाद टीमों से विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय में कार्य करना.<br>• अभियान की सफलता को मापने करने और भविष्य के अभियानों में सुधार लाने के लिए सभी मीडिया पहलों की केपीआई के परिप्रेक्ष्य में नज़र रखना.<br>• नियमित अंतराल पर रणनीतियों पर नजर और निगरानी करना और समय–समय पर पोजीशनिंग, मूल्य निर्धारण और प्रचार आदि में उचित संशोधन का प्रस्ताव करना.<br>• उत्पादों और वेबपृष्ठ अनुकूलन के लिए प्रतिक्रिया आदान–प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल होना. यह निश्चित करना कि बैंक के स्वामित्व वाली सभी वेबसाइटों और डिजिटल पोर्टलों पर सही अद्यतन जानकारी और बैनर मौजूद हैं.<br>• ज्ञान और विचारों का प्रभावी ढंग से आदान–प्रदान करते हुए एक क्रॉस–फंक्शनल, बहु–भौगोलिक टीम में कार्य करना, सीखने के साथ–साथ कुशल निष्पादन का सहयोगी कार्य वातावरण बनाने के लिए विभिन्न व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करना.<br>• सर्वश्रेष्ठ चैनल मिश्रण की पहचान और विकास करने के लिए एजेंसियों और कई विक्रेताओं के साथ मिलकर कार्य करना. |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वरिष्ठ प्रबंधक (मारकॉम) | **जॉब प्रोफाइल और केआरए**<br>• सभी स्वामित्वाधीन, अर्जित और भुगतान वाले मीडिया में ब्रांड पुनर्स्मरण सुनिश्चित करने के लिए 360 विपणन अभियानों का निरीक्षण करना.<br>• बाहरी एजेंसियों के साथ सहयोग करके ग्राहक संपर्क कार्यक्रम चलाना.<br>• विपणन अभियानों के निर्बाध निष्पादन के लिए ऑन–ग्राउंड टीमों को सहायता प्रदान करना.<br>• विभिन्न स्पर्श–बिंदुओं पर ब्रांड सामंजस्य सुनिश्चित करने के लिए मीडिया, इवेंट और डिजिटल टीम के साथ मिलकर काम करना.<br>• नए लॉन्च / अभियानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंतरिक संचार शुरु करना.<br>• ईष्टतम पहुंच के लिए पीआर के साथ सहयोग करना. |
| 9. | वरिष्ठ प्रबंधक (कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन्स) | **जॉब प्रोफाइल और केआरए**<br>• विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों – ऑनलाइन पोर्टल, समाचार पत्रों, कार्यक्रमों, प्रस्तुतियों और वीडियो के लिए अनुकूल सामग्री तैयार करना.<br>• संचार रणनीति (आंतरिक और बाहरी दोनों) को व्यावसायिक उद्देश्य के अनुरूप बनाना.<br>• मीडिया संबंध प्रबंधन सहायता और समन्वय.<br>• नए कहानी विचारों के लिए पत्रकारों के साथ संपर्क करना, मीडिया कहानियों के लिए प्रमुख शीर्ष स्तर के प्रबंधन से उद्धरण के लिए समन्वय.<br>• वर्तमान और आगामी घटनाक्रमों पर नियमित रूप से मीडिया को अद्यतन करना.<br>• ब्रांड निर्माण के लिए नए और अभिनव पीआर वाहनों की पहचान करना.<br>• सभी मीडिया प्लेटफॉर्मों पर दैनिक समाचार गतिविधियों पर दृष्टि रखना.<br>• प्रासंगिक विभागों के साथ समन्वय करना और उद्देश्य की प्राप्ति में सहायता करना.<br>• कोई अन्य कार्य जो पर्यवेक्षक / विभाग प्रमुख द्वारा सौंपा जाए. |
| 10. | वरिष्ठ प्रबंधक (ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप्स) | **जॉब प्रोफाइल और केआरए**<br>• बैंक के उत्पादों और सेवाओं के प्रचार–प्रसार के लिए मुख्य रूप से कार्यक्रमों और प्रायोजन के माध्यम से प्रासंगिक लक्ष्य समूहों के साथ ब्रांड / उत्पाद संपर्क तैयार करना और उसे कार्यान्वित करना.<br>• समन्वित तरीके से स्वीकृत बजट और अवधि के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त आउटपुट देने के लिए एजेंसी भागीदारों / विक्रेताओं को संबंधित करके सभी संबंधित परिचालन संबंधी पहलुओं का कुशलता पूर्वक प्रबंधन करना. कोई अन्य कार्य जो तत्कालिक पर्यवेक्षक / विभाग प्रमुख द्वारा सौंपा जाए. |
| 11. | प्राध्यापक, एसबीआईएल, कोलकाता (कार्यपालक शिक्षा) | **जॉब प्रोफाइल:**<br>चयनित अभ्यर्थी द्वारा निम्नानुसार संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया जाएगा और योगदान दिया जाएगा :<br>• प्रशिक्षण के लिए एसबीआईएल में आनेवाले बैंक / अन्य बैंकों और एफआई के शीर्ष / वरिष्ठ अधिकारियों की नेतृत्व क्षमताओं का विकास करना.<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में नेतृत्व विकास में विषय का शिक्षण.<br>• संस्थान द्वारा यथा आवश्यक शैक्षणिक प्रशासन गतिविधियों में हाथ बंटाना.<br>• बैंक के शीर्ष / वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व कौशल में कमी को पहचानना और प्रशिक्षण अपेक्षाओं को तैयार करना एवं शिक्षा देना हस्तक्षेपों की सह–अभिकल्पना और सह–वितरण करना.<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विषय सामग्री और पद्धति में निरंतर सुधार लाकर प्रतिभागियों के सक्षमता स्तर का उन्नयन सुनिश्चित करना.<br>• नेतृत्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाओं का विकास करना और प्रदान करना.<br>• प्रतिक्रिया माँगने और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना कि निरंतर अद्यतन किए गए सर्वोतम और नई मानव संसाधन प्रथाओं के अनुरूप सही प्रकार का प्रशिक्षण किया जाता है.<br>• प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए संस्थान ब्रांड बनाने के लिए उपयुक्त मंचों पर संस्थान, कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना.<br>**केआरए**<br>• बीएफएसआई क्षेत्र, नेतृत्व, रणनीति प्रासंगिक विषयों पर अत्याधुनिक अनुसंधान करना और बैंक की ओर से उन्हें प्रतिष्ठित संगोष्ठियों में प्रस्तुत करना और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित करना.<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में नेतृत्व विकास के क्षेत्र में विषयों को पढ़ाना.<br>• नेतृत्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाएँ विकसित और आयोजित करना.<br>• जहाँ अपेक्षित हो, निरंतर रूप से प्रतिक्रिया माँगते और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, जहाँ अपेक्षितहो, निरंतर रूप से, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना कि सर्वोतम और नई मानव संसाधन प्रथाओं के अनुरूप निरंतर अद्यतन किए गए सही प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है.<br>• प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए संस्थान ब्रांड बनाने के लिए उपयुक्त मंचों पर संस्थान, कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना. |
| 12. | प्राध्यापक, एसबीआईएसीबी, हैदराबाद (मार्केटिंग) | **जॉब प्रोफाइल:**<br>चयनित अभ्यर्थी द्वारा निम्नानुसार संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया जाएगा और योगदान दिया जाएगा :<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में विपणन में वर्तमान विकास के क्षेत्र में विषयों का शिक्षण.<br>• संस्थान के आवश्यकतानुसार विपणन में प्रशिक्षण के क्षेत्र में अकादमिक गतिविधियों में भाग लेना.<br>• बैंक के अधिकारियों के विपणन कौशल में प्रशिक्षण की कमी को पहचानना और प्रशिक्षण अपेक्षाओं को तैयार करना एवं शिक्षा देना.<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रम की सामग्री और पद्धति में निरंतर सुधार लाकर प्रतिभागियों के सक्षमता स्तर का उन्नयन सुनिश्चित करना.<br>• विपणन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रासंगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित करना और पढ़ाना.<br>• जहाँ अपेक्षित हो, निरंतर रूप से प्रतिक्रिया माँगते हुए और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विपणन के क्षेत्र में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना कि सर्वोतम और नई मानव संसाधन प्रथाओं के अनुरूप निरंतर अद्यतन किए गए सही प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है.<br>• प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मंचों पर कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना.<br>**केआरए**<br>• बीएफएसआई क्षेत्रक, वित्तिय उत्पाद के विपणन के लिए प्रासंगिकता वाले विषयों पर अत्याधुनिक अनुसंधान करना और बैंक की ओर से उन्हें प्रतिष्ठित संगोष्ठियों में प्रस्तुत करना और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित करना.<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में विपणन के क्षेत्र में विषयों को पढ़ाना.<br>• विपणन के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेषकर खुदरा बैंकिंग उत्पादों के विपणन में प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाएँ विकसित और प्रदान करना.<br>• प्रतिक्रिया माँगते और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, जहाँ इस क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार चालू आधार पर आवश्यक है, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना मानक प्रथा के अनुसार निरंतर अद्यतन किए गए सही प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है.<br>• प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मंचों पर संस्थान, कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना. |
| 13. | प्राध्यापक, एसबीआईसीआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा (क्रेडिट / रिस्क मैनेजमेंट / इंटरनेशनल बैंकिंग) | **जॉब प्रोफाइल:**<br>चयनित अभ्यर्थी द्वारा निम्नानुसार संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया जाएगा और योगदान दिया जाएगा :<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में जोखिम प्रबंधन / क्रेडिट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में विषयों का शिक्षण.<br>• जोखिम प्रबंधन / क्रेडिट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में कार्यभारों का प्रबंधन करने में बैंक के अधिकारियों की क्षमताओं का विकास करना.<br>• बैंक के अधिकारियों के जोखिम प्रबंधन कौशलों में प्रशिक्षण आवश्यकता की पहचान करना और प्रशिक्षण सह–अभिकल्पना और सह–वितरण करना.<br>• प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विषय–सामग्री और पद्धति में निरंतर सुधार लाकर प्रतिभागियों के सक्षमता स्तर का उन्नयन सुनिश्चित करना.<br>• जोखिम प्रबंधन / क्रेडिट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाओं को विकसित और प्रदान करना.<br>• प्रतिक्रिया माँगते हुए और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, जहाँ चालू आधार पर आवश्यक है, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना मानक प्रथा के अनुसार निरंतर अद्यतन किए गए सही प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है.<br>• प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मंचों पर कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना.<br>**केआरए**<br>• बीएफएसआई क्षेत्रक, क्रेडिट, जोखिम, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के लिए प्रासंगिकता वाले विषयों पर अत्याधुनिक अनुसंधान करना और बैंक की ओर से उन्हें प्रतिष्ठित संगोष्ठियों में प्रस्तुत करना और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित करना.<br>• संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में जोखिम प्रबंधन / क्रेडिट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में विषयों को पढ़ाना.<br>• संस्थान के जोखिम प्रबंधन / क्रेडिट / अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित और प्रदान करना.<br>• प्रतिक्रिया माँगते और उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करते हुए, जहाँ चालू आधार पर आवश्यक है, प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियाँ स्थापित करना.<br>• संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.<br>• यह सुनिश्चित करना मानक प्रथा के अनुसार निरंतर अद्यतन किए गए सही प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है.<br>• क्षेत्र में प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मंचों पर का प्रचार–प्रसार करना. |
| 14. | मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव एसबीआईएल कोलकाता | **जॉब प्रोफाइल:**<br>कार्यकारी द्वारा निम्नानुसार एसबीआईएल और अन्य एटीआई में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों / सम्मेलनों / संगोष्ठियों / कार्यशालाओं / सेवाओं आदि की विपणन गतिविधि चलाई जाएगी :<br>• विभिन्न एसबीआई प्रशिक्षण कार्यक्रमों / ई–लेसन की विषय–सामग्री के विपणन के उद्देश्य से भारत के साथ–साथ विदेशों में भी विभिन्न वाणिज्यिक / सहकारी बैंकों / वित्तीय संस्थाओं और अन्य संगठनों के साथ संपर्क बनाए रखना.<br>• एकीकृत विपणन अभियानों की देखरेख और विकास करना, बाजार अनुसंधान करना और प्रशिक्षण के स्थान में एसबीआई के विचारों और उत्पादों के लिए लक्षित समूहों की पहचान करने और परिभाषित करने के लिए डेटा का विश्लेषण करना.<br>• विभिन्न एटीआई में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विपणन के लिए विचार और रणनीतियाँ तैयार और प्रस्तुत करना.<br>• एटीआई के लिए विपणन अधिकारी या विपणन समन्वयक के रूप में कार्य करना और एसबीआई की सेवाओं, उत्पादों, कार्यक्रमों आदि का विपणन करने के लिए विपणन अभियान विकसित करना.<br>**केआरए**<br>• विभिन्न एसबीआई प्रशिक्षण कार्यक्रमों / ई–पाठों की विषय–सामग्री के विपणन के लिए भारत के साथ–साथ विदेशों में भी विभिन्न बैंकों / वित्तीय संस्थानों / अन्य संगठनों के साथ संपर्क बनाए रखना.<br>• विपणन अभियानों की देखरेख और विकास करना, बाजार अनुसंधान करना और एसबीआई के विचारों और उत्पादों के लिए लक्षित समूहों की पहचान करने और परिभाषित करने के लिए डेटा का विश्लेषण करना.<br>• विभिन्न एटीआई में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विपणन के लिए विचार और रणनीतियाँ तैयार और प्रस्तुत करना.<br>• एटीआई के लिए विपणन समन्वयक के रूप में कार्य करना और एसबीआई की सेवाओं, उत्पादों, कार्यक्रमों आदि का विपणन करने के लिए विपणन अभियान विकसित करना. |

**टिप्पणी : उपर्युक्त जॉब प्रोफाइल और केआरए के अतिरिक्त, बैंक द्वारा किसी भी पद के लिए समय–समय पर भूमिकाएँ सौंपी जा सकती हैं.**

**घ. परिलब्धियां:**

| पद क्रमांक | पद | वेतनमान / सीटीसी (लगभग) |
|---|---|---|
| 1 | उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | ₹40 लाख से ₹48 लाख |
| 2 | उपाध्यक्ष (संरचना निर्माण एवं समूहन) | ₹40 लाख से ₹48 लाख |
| 3 | सहायक उपाध्यक्ष (क्षेत्र विशेषज्ञ) | ₹23 लाख से ₹29 लाख |
| 4 | प्रबंधक (क्षेत्र विशेषज्ञ) | ₹18 लाख से ₹22 लाख |
| 5 | प्रबंधक (संरचना निर्माण एवं समूहन) | ₹18 लाख से ₹22 लाख |
| 6 | उपाध्यक्ष (डिजिटल मार्केटिंग) | सीटीसी (लगभग)<br>सीटीसी के अतिरिक्त पूर्व अनुमोदन से टेलीफोन बिल, ठहराव भत्ता, जेब से खर्च. |
| 7 | उपाध्यक्ष (मीडिया रणनीति एवं परिचालन) | |
| 8 | वरिष्ठ प्रबंधक (मारकॉम) | |
| 9 | वरिष्ठ प्रबंधक (कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन्स) | |
| 10 | वरिष्ठ प्रबंधक (ईवेन्ट्स और स्पॉन्सरशिप्स) | |
| 11 | प्राध्यापक, एसबीआईएल, कोलकाता (कार्यकारी शिक्षा) | सीटीसी (लगभग)<br>• सीटीसी के अतिरिक्त, अन्य भत्ते, जैसे कि आधिकारिक कार्य पर यात्रा करने की स्थिति में टैक्सी, हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) द्वारा यात्रा करने के लिए यात्रा खर्च और पद के लिए यथा लागू डीए.<br>• ऐसे संकाय को डीन एसबीआईएल/निदेशक एसबीआईएल/एसबीआईसीबी/एसबीआईसीआरएम, जो भी लागू हो, से पूर्व अनुमोदन से राजस्व विभाजन आधार पर बाहर कक्षा कार्यभार लेने की अनुमति दी जाएगी.<br>• चयनित संकाय को राजस्व विभाजन मॉडल पर अधिकतम 100 दिन प्रतिवर्ष तक बाहरी शिक्षण/परामर्श में उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी. जहाँ इन गतिविधियों से उत्पन्न आय 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से अधिक है, वहाँ अतिरिक्त राशि का 40% संस्थान के साथ साझा किया जाएगा (कर जैसे कि लागू हों) |
| 12 | प्राध्यापक, एसबीआईसीबी, हैदराबाद (मार्केटिंग) | |
| 13 | प्राध्यापक, एसबीआईसीआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा (क्रेडिट / रिस्क मैनेजमेंट / इंटरनेशनल बैंकिंग) | |
| 14 | मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव एसबीआईएल कोलकाता | सीटीसी (लगभग)<br>• सीटीसी के अतिरिक्त, अन्य भत्ते, जैसे कि आधिकारिक कार्य पर यात्रा करने की स्थिति में टैक्सी, हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) द्वारा यात्रा करने के लिए यात्रा खर्च और पद के लिए यथा लागू डीए. |

उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए सीटीसी रेंज सीमा-बंधन कारक नहीं है.

ङ. **आवेदन कैसे करें:**

अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए.
इससे उसे अपना कॉल लेटर / साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देश:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इन्टरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए गए अनुसार (''आवेदन कैसे करें'' के अंतर्गत) अपलोड नहीं कर देता / देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता / सकती है. जब जानकारी / आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रख लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो, तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन फॉर्मों का प्रिन्ट आउट ले लें.

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशा-निर्देश:**

i. सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) **₹600/-** है (छह सौ रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग व्यक्ति के अभ्यर्थियों के लिए सूचना शुल्क **₹100/-** है (एक सौ रुपए मात्र).

ii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन / संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iv. भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा.

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले.

vi. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vii. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न ही** इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

**च. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त जीवन वृत्त (डीओसी या डीओसीएक्स)
ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक योग्यता: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. वेतन (फॉर्म–16 / आयकर रिटर्न 31.03.2018 के अनुसार, वर्तमान वेतन पर्ची, आदि.) (पीडीएफ)
vii. पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप / साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो.
ii. फाइल का आकार 20 केबी – 50 केबी के बीच का और आयाम 200 X 230 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, इसे हो सके तो सफेद, नहीं तो हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. यदि फोटो धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आय नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार / आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई और व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
iv. उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर परीक्षा के समय यदि कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा / जाएगी.
v. फाइल का आकार 10 केबी – 20 केबी के बीच का हो और आयाम 140 X 60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार / आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है, तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो / हस्ताक्षर / प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो / हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप कर फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो / हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या फिर जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम इमेज01.जेपीजी या इमेज01.जेपीईजी दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर / फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़ / एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी प्रारूप में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी प्रारूप में जेपीजी प्रारूप में सेव किए जा सकते हैं इसके लिए फाइल मेन्यू में सेव ऐज़ के विकल्प का प्रयोग करना होगा. फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) को घटाया जा सकता है और 20 केबी (हस्ताक्षर) क्रॉप का प्रयोग कर किया जा सकता है और फिर रिसाइज़ ऑप्शन (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) इमेज मेन्यू में दिया हुआ है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने के लिए प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने के लिए अलग से लिंक हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज करके उस जगह को चुनें जहां कि पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं होंग तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित / परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटो / हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. चित्र या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट रूप से दिखेंगे नहीं तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता / सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता / सकती है. फोटो में यदि चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

**छ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर / सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी.

**ज. चयन प्रक्रिया:**

सभी पदों के लिए चयन लघुसूचीयन और साक्षात्कार पर आधारित होगा. इसके अलावा, संकाय एसबीआईएल, कोलकाता (कार्यकारी शिक्षा) / एसबीआईआईसीबी, हैदराबाद (विपणन) और एसबीआईसीआईआरएम, गुरुग्राम, हरियाणा (क्रेडिट / जोखिम प्रबंधन/अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग) के पद के लिए साक्षात्कार के बाद किसी दिए गए विषय पर डेमो सत्र होगा.

**साक्षात्कार:** केवल न्यूनतम योग्यता मानदंड और अनुभव को पूरा करने से अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु बुलाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता. बैंक द्वारा नियुक्त शॉर्टलिस्टिंग कमिटी शॉर्टलिस्टिंग के मानदंड को तय करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा तय किए अनुसार अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को बुलाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस बारे में किसी भी पत्र–व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा.

**मेरिट लिस्ट:** केवल साक्षात्कार में मिले अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में चयन की मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी को कट ऑफ अंक (कट ऑफ बिंदु पर समान अंक) मिलते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों का क्रम मेरिट लिस्ट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.

**झ. सामान्य जानकारी:**

i. **किसी पद पर आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह दी गई तारीख को उस पद हेतु ऊपर लिखे पात्रता तथा अन्य मानदंडों पर खरा उतरता / उतरती है तथा उसने जो भी जानकारी प्रदान की है वह हर तरह से सही है.**
ii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता / उतरती है तो और / या यह कि उसने गलत / झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं, तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है.
iii. आवेदक यह सुनिश्चित करें कि यह आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और ठीक तथा पूरी तरह से इसे भरा गया है.
iv. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचारण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.
v. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें पत्र / साक्षात्कार की तारीख संबंधी जानकारी आदि प्राप्त हो सके.
vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.
vii. आरक्षित श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों, जिनके लिए आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे अनारक्षित श्रेणी के रिक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे अनारक्षित श्रेणी पर लागू पात्रता के सभी मानदंडों को पूरा करते हो.
viii. जो अभ्यर्थी सरकार / अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.
ix. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.
x. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन / अक्षमता / फेलियर की स्थिति बन जाए. इंटरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.
xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाओं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.
xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी / फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.
xiii. जहां भर्ती बिना लिखित परीक्षा के और केवल साक्षात्कार लेकर की जाती है, वहां मात्र पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर ही यह पर्याप्त नहीं होता है कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रहता है कि वह अभ्यर्थी की आयु, योग्यता, अनुभव, उपयुक्तता आदि के संदर्भ के अनुसार आरंभिक स्क्रीनिंग / छंटाई के बाद ही साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या में ही उन्हें बुलाए.
xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क / इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग–अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा / उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा.
xv. इस विज्ञापन के और / या इसके जवाब में आए आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे / विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.
xvi. उपाध्यक्ष, सहायक उपाध्यक्ष, एसबीआईएल कोलकाता / एसबीआईआईसीबी हैदराबाद / एसबीआईसीआईआरएम गुरुग्राम में संकाय और एसबीआईएल कोलकाता में मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव के पद के लिए लघुसूचीयन के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी अभ्यर्थियों को भारत में सबसे छोटे मार्ग से हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) द्वारा यात्रा की लागत या किए गए वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी और शेष पदों के लिए, भारत में सबसे छोटे मार्ग से मेल / एक्सप्रेस ट्रेन (एसी–तृतीय श्रेणी) द्वारा यात्रा की लागत या किए गए वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. यदि अभ्यर्थी को पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.
xvii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो **"CONTACT US/ Post Your Query"** इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है

(यूआरएल: **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers**)

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 22.11.2018

**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विस्तृत विज्ञापन मान्य होगा.**
**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**